कार्यालय नजारत, जनपद न्यायालय, बाराबंकी।

विज्ञप्ति –वास्ते इश्तिहार नीलामी निष्प्रयोज्य/गैर मरम्मत योग्य/स्क्रेप सामग्री

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय, बाराबंकी के नजारत स्टोर में रखे हुये निष्प्रयोज्य/गैर मरम्मत योग्य/स्क्रेप सामग्री की नीलामी दि0 14.11.2025 को समय 4:30 बजे सायं न्यायालय जनपद न्यायाधीश के सामने स्थित लॉन में सम्पन्न होगी। लोक निर्माण विभाग में वर्तमान में निष्प्रयोज्य सामग्री की नीलामी हेतु प्रचलित पुराने एवं अनुपयोगी माइल्ड स्टील की दर रू0 36.50+जी0एस0टी0 प्रति किलोग्राम एवं निष्प्रयोज्य कास्ट आयरन की दर रू0 34.50+जी0एस0टी0 प्रति किलोग्राम के अनुसार ली जा रही है, जिसको आधार मानते हुये नीलामी बोली जायेगी। बोली बोलने वाले व्यक्ति को निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा–

1. नीलामी में वही व्यक्ति सम्मिलित होगा, जो बोली प्रारम्भ होने से पूर्व नजारत में रू0 1,000/– बतौर धरोहर नगद रूप में जमा करेगा।
2. बोली बोलने वाले व्यक्ति को बोली जितने धनराशि में समाप्त होगी, उसे पूरा धन नगद रूप में तुरंत जमा करना होगा।
3. नीलामी बोली बोलने वाले व्यक्ति की बोली अन्तिम रूप में स्वीकृति होने के पश्चात नकद धनराशि जमा करने के तुरन्त बाद निष्प्रयोज्य/गैर मरम्मत योग्य/स्क्रेप सामग्री उठाने की अनुमति होगी।
4. बोली प्रारंभ होने के पूर्व नीलामी की विषय वस्तु को नीलामी में प्रतिभाग करने वाले व्यक्ति द्वारा न्यायालय के कार्य दिवस में निरीक्षण कर सकता है।
5. माननीय जनपद न्यायाधीश महोदय, बाराबंकी को यह अधिकार होगा कि वे किसी भी व्यक्ति की बोली को स्वीकार कर सकते हैं, निरस्त भी कर सकते हैं तथा दूसरे व्यक्ति को इसके विरूद्ध किसी प्रकार की आपत्ति करने का कोई अधिकार नहीं रहेगा।

(रूचि तिवारी) **सदस्य,** नीलामी समिति/ अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय सं0 17, बाराबंकी।	(अंजनी कुमार सिंह) **सदस्य,** कय एवं वित्त समिति/ अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय सं0 09, बाराबंकी।	(प्रण विजय सिंह) **अध्यक्ष,** नीलामी समिति/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट न्यायालय सं0 44, बाराबंकी।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को अपलोड एवं प्रकाशन हेतु प्रेषित।

1.न्यायालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेत।
2.जिलाधिकारी/एन0आई0सी0 की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

जनपद के समस्त मुख्य कार्यालयो के नोटिस बोर्ड पर चस्पां करने हेतु।

1. कार्यालय जनपद न्यायाधीश, बाराबंकी।
2. कार्यालय जिलाधिकारी, बाराबंकी।

Contact Name:- Pradeep Kumar Srivastava, Central Nazir
Contact Email:- dcbri@allahabadhighcourt.in
Contact No. :- 7860516360
Publishing Dt.:- 04.11.2025
Closing Dt.:- 14.11.2025